*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# हिंदी विश्वविद्यालय में कविता पाठ

## आकाशवाणी दिल्ली के राजेंद्र उपाध्याय, भोपाल के ओम भारती ने सुनायी रचनाएं

वर्धा दि. 8 जनवरी 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में वर्धा संस्कार की





ओर से कवि राजेंद्र उपाध्याय, आकाशवाणी, नई दिल्ली और ओम भारती, भोपाल ने शुक्रवार को आयोजित कविता पाठ में अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय के फेकल्टी एण्ड ऑफीसर्स क्लब में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने की।






कविता पाठ में आकाशवाणी दिल्ली के कवि एवं लेखक राजेंद्र उपाध्याय ने ताले-चाभी, दरवाजे,



कमीज़ और अगरतला स्टेशन आदि कविताएं प्रस्तुत की। भोपाल से आए कवि ओम भारती ने भी अपनी कविताएं प्रस्तुत की। कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने ओडिया कवि फणी महंती की ओडिया कविता वस्त्रहरण का हिंदी अनुवाद चीरहरण नाम की कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर साहित्य विद्यापीठ के शोधार्थी कवि शैलेंद्र शुक्ल और प्रदीप त्रिपाठी, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ की शोधार्थी मेघा आचार्य ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। काव्य पाठ का संचालन संस्कृति कर्मी संजीव झा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विकास एवं शांति अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर कथाकार राकेश मिश्र ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वर्धा संस्कार के संयोजक राकेश श्रीमाल,



साहित्य विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डॉ. रामानुज अस्थाना, कवि नटराज वर्मा, बी. एस. मिरगे आदि



सहित विद्यार्थी प्रमुखता से उपस्थित थे।